इंडियन बैंक द्वारा आरबीआई एमपीसी के अनुरूप रेपो सहबद्ध आधार दर में कटौती

चेन्नै, 09 अप्रैल, 2025 – भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की नवीनतम बैठक में रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करके इसे 6.25% से घटाकर 6.00% करने की घोषणा के बाद इंडियन बैंक द्वारा अपने एसेट पोर्टफोलियो पर लागू रेपो सहबद्ध आधार उधार दर में कटौती कर इसे 9.05% से 8.70% किए जाने की घोषणा की गई है। संशोधित उधार दरें 11 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगी।

आरबीएलआर में 0.35% (35 आधार अंक) की कटौती की गई है, जो सीधे भारतीय रिज़र्व बैंक की रेपो दर में कमी को दर्शाता है। इस कदम से आरबीएलआर से जुड़े उधारकर्ताओं, जैसे होम लोन और बिजनेस लोन, की ऋण लागत में कमी आएगी। इससे ग्राहकों को उनकी ऋण शर्तों के अनुसार कम ईएमआई (समान मासिक किस्त) या ऋण अवधि में कमी का लाभ मिल सकता है।

इंडियन बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए आरबीएलआर में कटौती करके उधारकर्ताओं को समुचित लाभ की पेशकश की गई है।